बरेली, शनिवार
18 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4 = 22

दैनिक जागरण

PAGE NO : ITOP

टूर्नामेंट : एसआरएमएस स्टेडियम में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह आठ बजे से।

PAGE NO : IV MIDDLE

सोबती पब्लिक स्कूल ने बीबीएल को 80 रन से हराया

एसआरएमएस स्टेडियम में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पब्लिक माडर्न स्कूल के न पहुंचने पर वासु वरल को मिला वाक ओवर

जागरण संवाददाता, बरेली: एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को ग्रुप- बी की टीम सोबती पब्लिक स्कूल और बीबीएल पब्लिक स्कूल के बीच पांचवां और ग्रुप- सी टीम वासु वरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और पब्लिक माडर्न स्कूल नवादिया के बीच छठा मुकाबला हुआ। पांचवें मैच में सोबती पब्लिक स्कूल ने बीबीएल को 80 रन से पराजित किया। छठा मैच खेलने पब्लिक माडर्न स्कूल के न पहुंचने से प्रतिद्वंद्वी वासु वरल की टीम को वाक ओवर मिला। बीबीएल के पांच खिलाड़ियों को आउट करने वाले अक्षय गुप्ता को मैन आफ द मैच चुना गया।

एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट खेलते हुए खिलाड़ी• सौ. आयोजक

एसआरएमएस स्टेडियम में पांचवां मुकाबला ग्रुप- बी की टीम सोबती पब्लिक स्कूल और बीबीएल पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। सोबती पब्लिक स्कूल के कप्तान सूरज शर्मा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाए। इसमें पारी हमला (24 रन, 19 गेंद, तीन चौके, एक छक्का), अक्षत गुप्ता (30 रन, 32 गेंद, पांच चौके), विनय सिंह (15 रन, 17 गेंद, तीन चौके), आराध्य मंगवार (10 रन, सात गेंद, दो चौके) ने अहम योगदान दिया। सोबती के स्कोर में एक्स्ट्रा के रूप में मिले 29 रनों ने भी काफी फायदा पहुंचाया। जवाब में सोबती की गेंदबाजों के आगे बीबीएल की टीम बिखर गई और पूरी टीम 8.3 ओवर में 59 रन ही बना सकी। इसमें शीर्ष (16 रन, सात गेंद, दो चौके, एक छक्का) और कार्तिकेय (18 रन, 12 गेंद, तीन चौके) रन ही दहाई के अंक तक पहुंच सके। हालांकि एक्स्ट्रा के रूप में मिले 10 रनों ने भी स्कोर 59 रन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मैच में पांच चौकों के साथ 30 रन बनाने और 1.3 ओवर में सात रन देकर सोबती के आलराउंडर खिलाड़ी अक्षय मैन आफ द मैच चुने गए।

आज का मुकाबला: इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सातवां मैच शनिवार को ग्रुप- ए की टीमों एसआर इंटरनेशनल और मैच एक के विजेता सेक्रेड हार्ट्स के बीच सुबह आठ बजे और आठवां मैच ग्रुप- डी की टीम हरित पब्लिक स्कूल और विद्या वर्ल्ड स्कूल के बीच दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा।

बीबीएल के गेंदबाज अक्षय गुप्ता को चुना गया मैन आफ द मैच

निर्धारित समय पर नहीं पहुंची पब्लिक माडर्न स्कूल की टीम

टूर्नामेंट का छठा मैच वासु वरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और पब्लिक माडर्न स्कूल नवादिया के बीच होना था, लेकिन निर्धारित समय तक पब्लिक माडर्न स्कूल नवादिया की टीम के न पहुंचने से आयोजन की सलाह पर मैच रेफरी ने वासु वरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल को वाकओवर देने का फैसला किया। सीईटी के प्रकाश डा. प्रभाकर गुप्ता, आयोजन सचिव डा. रोहित सक्सेना, डा. अनुज सक्सेना, रोहन पाल, सुमुख असारी आदि मौजूद रहे।